
# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सड़क सुधारणीकरण का काम अब तक अधर में है लटका

**जिम्मेदार कौन** साल 2016 में बनने वाली सड़क साल 2021 तक भी नही है बन पाई

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में सड़क सुधारीकरण के मामले विगत छह साल बीत चुकने के बाद भी अब तक अधर में लटके पड़े हुए है। बता दें कि जिन सड़कों को एक साल में बनना था ,वे सड़के छह साल बीत चुकने के बाद भी अब तक नही बन पाई है। जिले में सड़क सुधारणीकरण की स्थिति वास्तविक तौर पर बेहद चिंताजनक बनी हुई है।

सीमांत में सड़कों की दुर्दशा को लेकर इलाके के ग्रमीण खासे परेशान हो रहे है। जिले के कई बार इलाके के ग्रमीण आकर प्रदर्शन कर चुके है। वही उनके इलाकों के सड़कों की दशा अब तक नहीं सुधर पाई है। अब ग्रमीणों का धैर्य भी जवाब देने लगा है। जानकारी के मुताबिक नेपाल सीमा से लगे मड़मानले क्षेत्र को जोड़ने वाली



सड़क नैनीपातल मडमानले सड़क सुधारीकरण के लिए बीते साल 2015 में चार करोड़ 57 हजार की धनराशि जो कि लोनवि को जारी की गई।

विभाग ने लक्ष्य रखा कि साल 2016 तक विभाग द्वारा तय समय पर सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा । मगर नतीजा निराशाजनक साबित हुआ।

करोड़ों को मिली धनराशि से क्षेत्र में सड़क पर होटमिक्स डिफाल्टस कटिंग और नाली निर्माण का कार्य होना था। हालात यह है कि छह साल बीत गये मगर आजतक यह काम पूरा नही हो पाया है। सड़क में खानापूर्ति के नाम पर किया गया हाटमिक्स जगह जगह पर पूरा उखड़ गया है। सड़क में अब बरसात के दौरान जल भराव की तस्वीर साफ साफ नजर आने लगी है।

इलाके के ग्रमीण लोनवि के उदासीन रवैये को लेकर खासा आक्रोशित नजर आ रहे है। इलाके के ग्रमीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर संबिधित महकमें के खिलाफ जांच किये जाने की मांग की है।

नाराज ग्रमीणों ने संबधित महकमें की कार्यप्रणाली व उदासीन रवैये पर जिलाधिकारी को अवगत कराया है। इलाके के ग्रमीण गांव में सड़क की दुर्दशा को लेकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाने को मजबूर हो रहे है। वह अधूरी पड़ी सड़क व अधर में लटकी सड़क की दशा को संबधित महकमें व ठेंकेदार के खिलाफ गांव के ग्रमीण मोर्चा खोलने की तैयारी में लगे हुए है।

## न्यूज डायरी

### कारगिल विजय दिवस के शहिदों को याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और महासचिव आरिफ वारसी ने सोमवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर उन अनाम शहीदों को याद किया जो इस युद्ध मे शहीद हुये थे। उन्होने कहा की देश सदेव उन सेनिकों का ऋणी रहेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता ,प्रभात डंडरियाल,और आरिफ वारसी ने गाँधी पार्क स्थित शहीद स्थल पर पुष्पंजली अर्पित की। वही समाजवादी पार्टी देहरादून के पूर्व जिला अध्यक्ष गुलफाम अली ने, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर उत्तराखण्ड मे समाजवादी पार्टी के संगठन के बारे में चर्चा की, और आगे के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### सीधे नल से पीने के पानी की आपूर्ति की उपलब्धि करने वाला पहला शहर बना पुरी

**संवाददाता** देहरादून। पुरी आईएस 10500 के गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सीधे नल से पीने योग्य पानी की आपूर्ति की उपलब्धि हासिल करने वाला पहला भारतीय शहर बन गया है। ओडिशा के मुख्यमंत्री, नवीन पटनायक के नेतृत्व में ओडिशा सरकार द्वारा सुजल या ड्रिंक फ्रॉम टैप मिशन की शुरुआत की गई थी। बदलाव लाने वाली इस पहल से अब शहर के 2.5 लाख नागरिकों के साथ–साथ 2 करोड़ पर्यटक लाभान्वित होंगे, जो हर साल भगवान जगन्नाथ के दर्शनों के लिए इस पवित्र शहर की यात्रा करते हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 26 जुलाई को पुरी में ड्रिंक फ्रॉम टैप मिशन–सुजल का उद्घाटन किया।

### अच्छा रिटर्न दिला सकता है कैप्टन पॉलीप्लास्ट ब्रोकरेज फर्म ओजे फाइनेंशियल सर्विसेज

**संवाददाता** देहरादून। बीएसई पर लिस्टेड कैप्टन पॉलीप्लास्ट के प्रोडक्ट्स की बढ़ती डिमांड के चलते सालाना आधार पर ऑपरेटिंग रेवेन्यू 64.3 करोड़ रुपए रहा है। वहीं, कंपनी के ईबीआईटीडीए में 3 प्रतिशत का उछाल आया है। सालाना आधार पर ईबीआईटीडीए 7.4 करोड़ रुपए रहा। कंपनी के मुनाफे में भी 12.5 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है। टैक्स चुकाने के बाद कंपनी का प्रॉफिट 2.6 करोड़ रुपए रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, सीपीएल को कोर बिजनेस के अलावा अपने कॉम्प्लीमेंट्री प्रोडक्ट्स से भी अच्छी ग्रोथ की उम्मीद है। कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर रमेश खिछाड़िया के मुताबिक, सोलर ईपीसी सेगमेंट में टिकाऊ प्रोडक्ट्स/टेक्नोलॉजी पर कंपनी का फोकस है और 2022 तक भारत में रिन्यूबल एनर्जी कैपेसिटी को 175 गीगावॉट तक बढ़ाने के लिए सरकारी अभियान में भाग लेने में मदद करेगा।

## शीघ्र कार्रवाई न करने पर 15 अगस्त से सीएचसी में धरना–प्रदर्शन

**संवाददाता** पुरोला। बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर सीएचसी में महिला विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती करने,आसीयू,ब्लड बैंक सहित चार मांगों पर शीघ्र कार्रवाई न करने पर 15 अगस्त से सीएचसी में धरना–प्रदर्शन सहित आमरण अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है। गत दिवस सीएचसी मे धिवरा गांव की विनता 26 वर्ष ने एक नवजात शीशु को जंम दिया जिसकी पैदा होते ही मौत हो गई थी। महिला को देहरादून रैफर किया गया जिसने देहरादून जाने से पहले ही रास्ते मे दम तोड़ दिया था।

पुरोला,मोरी में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के कारण यहां के अधिकांश स्वास्थ्य केंद्र रेफर सेंटर बने हुए है। यहां अब तक कई प्रसव पीड़िता देहरादून ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ चुकी है। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रकाश कुमार के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में यमुना घाटी के केंद्र बिंदु सीएचसी पुरोला में महिला विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति करने,ब्लड बैंक,आईसीयू की स्थापना करने एवं सभी प्रकार की दवा उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होने शीघ्र मांगे पूरी न करने पर 15 अगस्त से सीएचसी परिसर में धरना–प्रदर्शन के साथ आमरण अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है। इस अवसर पर,अरविंद,राकेश रतूड़ी,उपेंद्र राणा, छविलाल, प्रदीप,खजान सिंह, हरीश लाल,अजय भारती, आदि मौजूद थे।



**सीएम आवास में प्रवेश पर राज्यपाल ने सीएम को दी शुभकामनायें**

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के न्यू कैंट रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में प्रवेश के अवसर पर राज्यपाल श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने मुख्यमंत्री से भेंट कर शुभकामनायें दीं। मुख्यमंत्री ने शुभकामनाओं के लिए राज्यपाल का आभार व्यक्त किया।

# अब मरीज को बेवजह रेफर नहीं कर सकेंगे जूनियर डाक्टर

**संवाददाता** हल्द्वानी। डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में मरीजों को रेफर करना आम समस्या बन गई थी। इमरजेंसी से जूनियर डाक्टर ही रेफर करने लगे। नए प्राचार्य ने ज्वाइन करते ही इस तरह की हरकत पर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि अब सीनियर डाक्टरों की अनुमति पर ही मरीजों को रेफर करना होगा।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अरुण जोशी ने बताया कि इमरजेंसी से बिना कारण मरीजों को रेफर करने की परंपरा को खत्म किया जाएगा। इसके लिए निर्देश भी जारी कर दिए हैं। उनका कहना है कि जूनियर डाक्टर मरीज को

**जूनियर डाक्टर भी समझते हैं काम का दबाव**

कई बार जूनियर डाक्टर भी इमरजेंसी से मरीज को इसलिए रेफर कर देते हैं कि ताकि उन्हें वार्ड में अधिक काम न करना पड़े। जूनियर डाक्टरों की इस तरह की स्थिति से इमरजेंसी में तीमारदार व डाक्टरों के बीच टकराव की नौबत आ जाती है। इस तरह की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए प्राचार्य ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है।

देखेंगे और फिर सीनियर डाक्टर से चर्चा करेंगे। सीनियर डाक्टर ही मरीज के बारे में परामर्श देंगे। उनके परामर्श के बाद ही मरीज को रेफर करना होगा। साथ ही ओपीडी पर्चे पर मरीज को रेफर करने का स्पष्ट कारण भी लिखना होगा। इससे अब मरीजों को अनावश्यक परेशानी नहीं होगी।

**कमीशनखोरी भी है बड़ा कारण**

एसटीएच की इमरजेंसी में दूर–दराज से मरीज पहुंचते हैं। अधिकांश मरीजों का इलाज अस्पताल में संभव होता है। फिर भी इमरजेंसी में कुछ निजी अस्पतालों के दलाल सक्रिय हो जाते हैं। मरीज को निजी अस्पताल में चलने का दबाव बनाते हैं।

तीमारदारों को एसटीएच में इलाज को लेकर इतना अधिक हतोत्साहित कर देते हैं कि मजबूर होकर तीमारदार अपने मरीज को रेफर करवा देते हैं। इसके बाद मरीज निजी अस्पताल में महंगा इलाज कराने को मजबूर रहता है।

## उत्तराखंड में आधी रात से बिजली कर्मियों की हड़ताल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विद्युत कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की शासन के साथ बैठक विफल रही। मोर्चा के संरक्षक इंशाउल हक ने बताया कि मोर्चा कि शासन स्तर के अधिकारियों मांगों पर विचार करने के लिए समय मांगा है, लेकिन मोर्चा अपनी मांगें आज ही मनवाने पर अड़िग है। वार्ता विफल रहने के बाद कर्मचारियों ने अपना आंदोलन यथावत रखा है। आज रात 12 बजे से प्रदेशभर के कर्मचारी हड़ताल पर होंगे। कर्मचारियों ने आम लोग से बिजली का विकल्प तैयार रखने की अपील की है। हालांकि, शासन ने मोर्चा को दोबारा वार्ता के लिए बुलाया है अब मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक होगी। ऊर्जा के तीनों निगमों के कर्मी मांगों को लेकर हड़ताल पर अड़े हुए हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों को मोमबत्ती, टार्च आदि का बंदोबस्त करने की सलाह दी है। हड़ताल के दौरान विद्युत आपूर्ति और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। कार्मिकों ने सोमवार को दिन में सत्याग्रह और शाम को रैली निकालकर विरोध दर्ज करने के साथ मध्यरात्रि से यूपीसीएल, यूजेवीएनएल, पिटकुल में बेमियादी हड़ताल शुरू करने का एलान किया है।